सीसीटीएनएस और आईसीजेएस में गुड प्रेक्टिस के लिये देशभर में छत्तीसगढ़ को मिला दूसरा स्थान

चर्चा में क्यों?

17 दिसंबर, 2021 को नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को सीसीटीएनएस (क्राईम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क सिस्टम) और आईसीजेएस (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) में बेहतर क्रियान्वयन हेतु द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- 16-17 दिसंबर तक आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में आईसीजेएस योजना के अंतर्गत फॉरेंसिक में बेहतर क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा की गई, जिसमें पूरे देश में छत्तीसगढ़ को दूसरा स्थान प्रदान किया गया। वहीं प्रथम स्थान उड़ीसा एवं तृतीय स्थान मध्य प्रदेश राज्य को प्रदान किया गया।
- उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सीसीटीएनएस, फॉरेंसिक, कोर्ट, अभियोजन एवं जेल को डिजिटल प्लेटफार्म पर आईसीजेएस के माध्यम से आपस में इंटीग्रेशन का कार्य पूर्ण हो गया है।
- राज्य फॉरेंसिक प्रयोगशाला द्वारा ई-फॉरेंसिक सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से केस रजिस्ट्रेशन से लेकर रिपोर्ट तैयार करने तक की समस्त कार्यवाही अपलोड की जाती है। यह डेटा आईसीजेएस के अन्य स्तंभ को साझा कर रहा है।
- भारत सरकार, गृह मंत्रालय, एनसीआरबी, नई दिल्ली द्वारा इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम **(ICJS)** के माध्यम से सीसीटीएनएस, अभियोजन, जेल, कोर्ट एवं फॉरेंसिक एवं फिंगर प्रिंट के डिजिटल डेटा को आपस में इंट्रीगेट किया जा रहा है, ताकि उक्त सभी विभागों के डाटा आपस में साझा किया जा सकें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-got-second-place-in-the-country-for-good-practice-in-cctns-and-icjs